# Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

## (Accredited A++ by NAAC)

### University in News on 02 April 2024

**Rashtriya Sahara Page - 07**

## डीडीयू ने एडुरैंक वर्ल्ड रैंकिंग में 118वीं रैंक हासिल की

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दीदउ गोविवि ने एडुरैंक वर्ल्ड रैंकिंग 2024 में उल्लेखनीय ऑल इंडिया 118वीं रैंक हासिल की है। विवि ने वर्ष 2023 की तुलना में सभी मानकों पर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। 2023 की रैंकिंग में विवि भारत में 131वें स्थान पर था।

एडुरैंक वर्ल्ड रैंकिंग विश्व में 183 देशों के 14,131 विश्वविद्यालयों की एक स्वतंत्र मीट्रिक-आधारित रैंकिंग है। एडुरैंक द्वारा 246 शोध विषयों में विश्वविद्यालयों को रैंक करने के लिए 9,83,02,198 वैज्ञानिक प्रकाशनों और 2,14, 95,12,106 उद्धरणों के साथ दुनिया के सबसे बड़े शोध पत्रों के डेटाबेस का उपयोग किया जाता है। ओवर ऑल रैंकिंग में गैर-शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रमुखता और पुरातन छात्रों की लोकप्रियता के संकेतक को भी जोड़ा जाता है। एडुरैंक रैंकिंग में अनुसंधान तथा शोध में प्रदर्शन को 45 प्रतिशत, गैर-शैक्षणिक क्षेत्रों की उपलब्धियों को 45 प्रतिशत और पुरातन छात्रों के स्कोर को 10 प्रतिशत महत्व देती है। 2024 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय भारत में 118वें और एशिया में 1116वें स्थान पर है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय 33 शोध विषयों में शीर्ष 50 प्रतिशत में स्कोर किया है। कुलपति

- 2023 की रैंकिंग में विवि का स्थान 131वां था
- सभी मानकों पर रैंकिंग में हुआ है सुधार

प्रो.पूनम टंडन ने इन उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे साबित होता है कि अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और नवाचार के लिए किए गए प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। कुलपति ने इस उपलब्धि के लिए विवि के संकाय सदस्यों, स्टाफ सदस्यों और छात्रों को बधाई दी।

**Swatantra Chetna Page - 03**

## डीडीयू ने एडुरैंक विश्व रैंकिंग में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**☐ विश्वविद्यालय ने दर्ज की ऑल इंडिया 118वीं रैंक**

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने एडुरैंक वर्ल्ड रैंकिंग 2024 में उल्लेखनीय ऑल इंडिया 118वीं रैंक हासिल की है।

विश्वविद्यालय ने वर्ष 2023 की तुलना में सभी मानकों पर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। 2023 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय भारत में 131वें स्थान पर था।

एडुरैंक वर्ल्ड रैंकिंग विश्व में 183 देशों के 14,131 विश्वविद्यालयों की एक स्वतंत्र मीट्रिक-आधारित रैंकिंग है।

एडुरैंक द्वारा 246 शोध विषयों में विश्वविद्यालयों को रैंक करने के लिए 9 करोड़ 83 लाख 2 हजार 198 वैज्ञानिक प्रकाशनों और 214 करोड़ 95 लाख 12 हजार 106 उद्धरणों के साथ दुनिया के सबसे बड़े शोध पत्रों के डेटाबेस का उपयोग किया जाता है। ओवर ऑल रैंकिंग में गैर-शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रमुखता और पुरातन छात्रों की लोकप्रियता के संकेतक को भी जोड़ा जाता है।

एडुरैंक रैंकिंग में अनुसंधान तथा शोध में प्रदर्शन को 45 प्रतिसत गैर-शैक्षणिक क्षेत्रों की उपलब्धियों को 45 प्रतिसत और पुरातन छात्रों के स्कोर को 10 प्रतिसत महत्व देती है।

2024 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय भारत में 118वें और एशिया में 1116वें स्थान पर है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय 33 शोध विषयों में शीर्ष 50 प्रतिसत में स्कोर किया है। कुलपति ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, स्टाफ सदस्यों और छात्रों को बधाई दी।

> कुलपति प्रो.पूनम टंडन ने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवम् कुशल नेतृत्व में विश्विद्यालय ने इन उपलब्धियों को प्राप्त किया है। उन्होंने उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए
> इससे साबित होता है कि अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और नवाचार के लिए किए गए प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

**Hindustan Page - 05**

## डीडीयू की बास्केटबॉल टीम का चयन आज

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल (महिला) टीम का चयन 2 अप्रैल को विवि के क्रीड़ांगन पर अपराह्न 3 बजे से होगा। डीडीयू एवं कॉलेजों की इच्छुक छात्राएं अपने सभी प्रमाण पत्रों के साथ इसमें प्रतिभाग कर सकती हैं।

**Inext Page - 04**

## एडुरैंक वर्ल्ड रैंकिंग में गोरखपुर यूनिवर्सिटी को 118वीं रैंक

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (01 April):** गोरखपुर नैक मूल्यांकन और क्यूएस रैंकिंग के बाद एडुरैंक वर्ल्ड रैंकिंग में भी गोरखपुर यूनिवर्सिटी को 118वां स्थान मिला है. 2023 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय भारत में 131वें स्थान पर था. एडुरैंक वर्ल्ड रैंकिंग विश्व में 183 देशों की 14,131 यूनिवर्सिटी की एक स्वतंत्र मीट्रिक-आधारित रैंकिंग है.

### रिसर्च और इनोवेशन से हुआ फायदा

एडुरैंक ने 246 शोध विषयों में यूनिवर्सिटी को रैंक करने के लिए 9,83,02,198 वैज्ञानिक प्रकाशनों और 2,14,95,12,106 उद्धरणों के साथ दुनिया के सबसे बड़े शोध पत्रों के डेटाबेस का उपयोग किया जाता है. ओवर ऑल रैंकिंग में नॉन एजुकेशन सेंट्रल में प्रमुखता और पुराने स्टूडेंट्स की लोकप्रियता को भी जोड़ा जाता है. साथ ही एडुरैंक रैंकिंग में रिसर्च में प्रदर्शन को 45 परसेंट नॉन एजुकेशन सेंट्रल की उपलब्धियों को 45 परसेंट और पुराने स्टूडेंट्स के स्कोर को 10 परसेंट महत्व देती है. 2024 की रैंकिंग में यूनिवर्सिटी भारत में 118वें और एशिया में 1116वें स्थान पर है. इसके साथ ही यूनिवर्सिटी 33 रिसर्च सब्जेक्ट में 503 में स्कोर किया है. वीसी प्रो. पूनम टंडन ने इन उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे साबित होता है कि एकेडमी के उत्कृष्टता, रिसर्च और नवाचार के लिए किए गए प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं.